**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## फल एवं सब्जी प्रसंस्करण–एक लाभकारी व्यवसाय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

पन्तनगर। 12 अगस्त 2023। समेटी, उत्तराखण्ड द्वारा 'फल एवं सब्जी प्रसंस्करण– एक लाभकारी व्यवसाय' पर चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन आज किया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जे.पी. जायसवाल ने प्रतिभागियों से कहा कि किसी भी फल या सब्जी का सीजन में अत्यधिक उत्पादन होने पर कृषक को उसका उचित दर नहीं मिल पाता है। ऐसे परिस्थिति में इनका बेमौसमी उत्पादन अथवा प्रसंस्करण कर किसान अपने आय में कई गुना बढ़ोत्तरी कर सकते हैं। उन्होंने विशेष रूप से प्रशिक्षण में सीखे गये विषयों को अपनाने एवं अन्य कृषकों को भी जानकारी साझा करने की अपील की। डा. बी.डी. सिंह, प्राध्यापक (सस्य विज्ञान) एवं समेटी समन्वयक ने प्रतिभागियों का स्वागत करने के साथ–साथ समेटी द्वारा सम्पादित किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रम, विभिन्न प्रशिक्षणों की रूप–रेखा इत्यादि के बारे में विस्तार से चर्चा किये। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों द्वारा व्यावसायिक फल एवं सब्जी के उत्पादों का परिरक्षण सम्बन्धी विषयों पर व्याख्यान दिया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने अपने संदेश में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु बधाई दी और उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह प्रशिक्षण पर्वतीय क्षेत्रों के कृषकों हेतु कारगर साबित होगा और आयोजकों को इसके लिए धन्यवाद दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद–नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, अल्मोड़ा, रूद्रप्रयाग, चमोली, चम्पावत आदि जनपदों से कुल 31 कृषक एवं प्रसार कार्यकर्ता ने प्रतिभाग किया।




*प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र वितरित करते निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जे.पी. जायसवाल एवं अन्य।*

**निदेशक संचार**